# बालमन

कैमूर

Powered by Teachers of Bihar

वर्ष 2023

माह जून

अंक 18



प्रधान संपादक :- धीरज कुमार [U.M.S. सिलौटा भभुआ (कैमूर)]

Dheeraj Kumar- +91 9431680675

Teachers of Bihar - +91 7250818080

info@teachersofbihar.org | teachersofbihar@gmail.com

www.teachersofbihar.org

# कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, कैमूर (भभुआ)

शिक्षा भवन, भागीरथी मुक्ताकाश मंच भभुआ,

(मो०-9544411411 email-deokaimur.edn@gmail.com)




## "शुभकामना संदेश"

मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि विद्यालय के छात्र/छात्राओं को जागरूक बनाने तथा प्रतिभावान बच्चों के प्रतिभा का प्रदर्शन विभिन्न स्तर पर करने के उद्देश्य से "बाल मन कैमूर" पत्रिका का मासिक प्रकाशन किया जा रहा है।

इस प्रकार के प्रकाशन, बच्चों के सृजनात्मक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए मार्ग प्रशस्त होगा।

आशा है कि इस पत्रिका से बच्चे, शिक्षक एवं समाज में सकारात्मक सोध विकसित होगा।

मै सुमन शर्मा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, कैमूर इस उपयोगी लेखन के लिए कथाई देते हुए "बाल मन कैमूर" के प्रकाशन की सफलता हेतु अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

(सुमन शर्मा)
जिला शिक्षा पदाधिकारी
कैमूर (भभुआ)

# सम्पादकीय

# प्यारे बच्चों,



## नमस्कार

वर्तमान में हमारा प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में है।विद्यालय में गर्मी की छुट्टी भी हो गई है। आप गर्मी की छुट्टियों का आनंद ले रहे होंगे और साथ में प्राप्त गृहकार्य को भी कर रहे होंगे।आप सभी खुद को गर्म हवा से बचाएंगे और दोपहर में खेलने के साथ घर से बाहर जाने से परहेज़ करेंगे।बहुत आवश्यक होने पर पूरे शरीर की अच्छे से ढंक कर जायेगे। आप स्वस्थ और सही रहेंगे तभी पढ़ाई भी अच्छे से करेंगे।

दिन - प्रतिदिन बालमन टीम द्वारा प्राप्त पोस्ट से आपके उत्साह को देख कर मुझे बहुत खुशी हो रही है।हमारा बाल मन परिवार लगातार बढ़ता ही जा रहा है।।हम सभी बाल मन की टीम सदैव आप सभी की प्रतिभा को सम्मानित करते हुए उसे प्रकाशित कर रहे है।बहुत भारी संख्या में आपकी प्रतिभा हमे प्राप्त हो रही है। पत्रिका के इस अंक को आपको समर्पित करते हुए हमे बहुत खुशी हो रही है। आज का जमाना सोशल मीडिया का है।यदि आपके पास कला है तो उसे अपने शिक्षको से जरूर साझा करे और बालमन की टीम के माध्यम से उसे जरूर हम तक जरूर पहुंचाए।

हमारी TOB

बाल मन कैमूर पत्रिका की टीम बेहतर से बेहतर करने के लिए सदा प्रयत्नशील है।अनजाने में कोई भूल या त्रुटि हुई हो तो उसके लिए हम क्षमाप्रार्थी है।हम आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते है।

आपका

धीरज कुमार

उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिलौटा

भभुआ( कैमूर )

TEACHERS OF BIHAR

बालमन कैमूर

# प्रधान सहयोगी सदस्य

## बालमन चांद प्रखंड

प्रमोद कुमार "निराला "(प्रधान संपादक बालमन चांद )

## बालमन कुदरा प्रखंड

कमलेश कुमार (प्रधान संपादक बालमन कुदरा)

## विज्ञान कॉर्नर

1.राजेश कुमार सिंह ( महाबल भृगनाथ +2 उच्च माध्यमिक विद्यालय भभुआ)

## दर्शनीय स्थल की जानकारी

1.कुमार राकेश मणि (UMS कोटा नुआंव)

## रोचक गणित

कुमार राकेश मणि (UMS कोटा नुआंव)

### कविता संग्रह

1. खुश्बू कुमारी (UMS दुघरा भभुआ)
2. अशोक कुमार (NPS भटवलिया नुआंव)
3. दिलीप कुमार 'दीप'( मध्य विद्यालय खीरी,भगवानपुर)

### बाल कविता

1. सत्यार्थी कुमारी,वर्ग 5(NPS असरवालिया कुदरा)
2. खुश्बू कुमारी ,वर्ग 9(UHS केवढ़ी कुदरा)

**विशेष आभार**टीचर्स ऑफ बिहार परिवार के सभी टीम लीडर रोचक तथ्य,स्वास्थ्य सुझाव, विश्व के धरोहर,सुविचार,दिवस विशेष,खेल कॉर्नर,गणित कॉर्नर,जयंती विशेष ,दिवस प्रेरणा,पर्यावरण अध्ययन और शिक्षा शब्दकोश आदि के लिए टीम का विशेष आभार प्रकट करते है।

# सुविचार


केवल ज्ञान की ज्योति द्वारा ही मानव मन के अन्धकार को
दूर किया जा सकता है।
- राजाराम मोहन राय
(आधुनिक भारत के जनक)
(22 मई 1772 - 27 सितम्बर 1833)
Vishwa Vijay Singh

# बिहार राज्य प्रार्थना गीत

मेरी रफ्तार पे सूरज की किरण नाज करे
ऐसी परवाज दे मालिक कि गगन नाज करे
वो नजर दे कि करूँ कद्र हरेक मजहब की
वो मुहब्बत दे मुझे अमनो अमन नाज करे
मेरी खुशबू से महक जाये ये दुनिया मालिक
मुझको वो फूल बना सारा चमन नाज करे
इल्म कुछ ऐसा दे मैं काम सबों के आऊँ
हौसला ऐसा हीं दे गंग जमन नाज करे
आधे रस्ते पे न रूक जाये मुसाफिर के कदम
शौक मंजिल का हो इतना कि थकन नाज करे
दीप से दीप जलायें कि चमक उठे बिहार
ऐसी खूबी दे ऐ मालिक कि वतन नाज करे
जय बिहार जय बिहार जय जय जय जय बिहार

एम. आर. चिश्ती

www.teachersofbihar.org

# बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार, तुझको शत-शत वंदन बिहार
तू वाल्मीकि की रामायण, तू वैशाली का लोकतंत्र
तू बोधिसत्व की करूणा है, तू महावीर का शांतिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप, तू हीं अक्षत चंदन बिहार
तू है अशोक की धर्मध्वजा, तू गुरूगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह, तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि, धरती का नंदन वन बिहार
तेरी गौरव गाथा अपूर्व, तू विश्व शांति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान, अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक,
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार,
मेरे भारत के कंठहार

- सत्यनारायण

## टीचर्स ऑफ बिहार गीत

एम आर चिश्ती

चांद तारों को साथ लाएंगे,
हम बहारों को साथ लाएंगे।

जैसे आती नहीं नज़र दुनिया,
हम बनाएंगे वो हंसी दुनिया,
हौसला और अपनी मंज़िल से,
सब नज़ारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे...

प्रेम की रोशनी जो बिखरेगी
और प्रतिभा सबकी निखरेगी,
खींच लेंगे गगन से इन्द्रधनुष
बहते धारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे...

हम हैं निर्माता अपने भारत के,
पूरे करने हैं सपने भारत के
हम कलम के वही सिपाही हैं
जो हज़ारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे....

हमने माना, टीचर्स ऑफ़ बिहार
दीप ऐसा जलाएगा इस बार,
हम नवाचारी शिक्षा की रह में
बेसहारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे...

www.teachersofbihar.org

## अभियान गीत

घर-घर अलख जगाएगें, हम बदलेंगे जमाना।।
निश्चय हमारा, ध्रुव सा अटल है।
काया की रग-रग में, निष्ठा का बल है।।
जागृति शंख बजायेंगे, हम बदलेंगे जमाना।
बदली हैं हमने अपनी दिशायें।
मंजिल नयी तय, करके दिखायें।।
धरती को स्वर्ग बनायेंगे, हम बदलेंगे जमाना।।
श्रम से बनायेंगे, माटी को सोना।
जीवन बनेगा, उपवन सलोना।।
मंगल सुमन खिलायेंगें, हम बदलेंगे जमाना।।
कोरी कल्पना की तोड़ेंगे कारा।
ममता की निर्मल, बहायेंगे धारा।।
समता की दीप जलायेंगे, हम बदलेंगे जमाना।।

# Teachers of Bihar

The change makers

## विश्व के धरोहर एवं रोचक तथ्य

### सुंदरवन राष्ट्रीय उद्यान



सुंदरवन राष्ट्रीय उद्यान भारत के पश्चिम बंगाल राज्य के दक्षिणी भाग में गंगा नदी के सुंदरवन डेल्टा क्षेत्र में स्थित एक राष्ट्रीय उद्यान, बाघ संरक्षित क्षेत्र एवं बायोस्फ़ीयर रिज़र्व क्षेत्र है। यह क्षेत्र मैन्ग्रोव के घने जंगलों से घिरा हुआ है और रॉयल बंगाल टाइगर का सबसे बड़ा संरक्षित क्षेत्र है। यह विश्व का एकमात्र नदी डेल्टा है जहां बाघ पाए जाते हैं। हाल के अध्ययनों से पता चला है कि इस राष्ट्रीय उद्यान में बाघों की संख्या 103 है। यहां पक्षियों, सरीसृपों तथा रीढ़विहीन जीवों (इन्वर्टीब्रेट्स) की कई प्रजातियाँ भी पायी जाती हैं। इनके साथ ही यहाँ खारे पानी के मगरमच्छ भी मिलते हैं। वर्तमान सुंदरवन राष्ट्रीय उद्यान 1973 में मूल सुंदरवन बाघ रिज़र्व क्षेत्र का कोर क्षेत्र तथा 1977 में वन्य जीव अभयारण्य घोषित हुआ था। 4 मई 1984 को इसे राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया था।



### रोचक तथ्य


क्या आप जानते हैं कि जापान में टॉयलेट की सीट के ऊपर ही हाँथ धोने का सिंक बना होता है जिससे वह हाँथ धुले हुए गंदे पानी को एक छोटे से टैंक में स्टोर करते हैं ताकि उसी पानी का इस्तेमाल फ्लश करने के लिए किया जा सकते। जापान अपनी इस तकनीक से हर साल लाखों लीटर पानी कि बचत कर लेता है।

अमरेन्द्र कुमार
डिस्ट्रिक्ट मेंटर (TOB)
रोहतास

5 अंतर खोजे



आप तैयार है न...



# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



# ToB बालमन नन्हें कलाकार

## भाग - 1



साक्षी सिंह कक्षा 7
मध्य विद्यालय पाढ़ी चांद



कन्या मध्य विद्यालय चांद



संजना कुमारी
वर्ग-4
अनु० जाति उत्क्र ० मध्य विधालय सिकठी
भभुआ



चांदनी कुमारी वर्ग 8
उत्क्र. उच्च मा. विद्यालय छोटका कटरा
मोहनियां



UHS SALTHUA, KUDRA

# नन्हे कलाकार भाग 2

संध्या कुमारी वर्ग 8 के द्वारा थर्मोकोल से बनाया गया ताजमहल का माडल  उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय छोटका कटरा मोहनियां







उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय हरदासपुर कुदरा के वर्ग-9 के छात्र द्वारा रद्दी कागज एवम थर्मोकोल तथा कूट की मदद से शेरशाह सूरी का मकबरा बनाया ।

# नन्हे कलाकार भाग 3







UMS खजरा मोहनियां



UHS कोटा नुआंव



वर्ग-6 A की छात्रा लक्ष्मी कुमारी
प्रेषक:-डॉ संजय कुमार सिंह
प्राचार्य,उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, बैजनाथ, रामगढ़



















UHS केवढ़ी कुदरा



UMS अर्रा मोहनियां



# स्वास्थ्य सुझाव

अमरेंद्र कुमार



सुबह अधिक समय तक खाली पेट रहना स्वस्थ्य के लिए नुकसानदायक होता है,और मोटापे के अलावा पेट के अन्य रोगों के लिए भी जिम्मेदार होता है। जबकि सुबह का नाश्ता अनिवार्य तौर पर करने से आप स्वस्थ और उर्जावान महसूस करते हैं। ऐसे में किसी कारण से दोपहर का खाना न खा पाने पर भी शरीर में आवश्यक उर्जा बनी रहती है।

# समर कैंप की शुरुआत

नगरपालिका मध्य विद्यालय भभुआ


















# चेतना सत्र


उ.म.वि.बैरी चांद कैमूर


राजकीयकृत मध्य विद्यालय डहरक रामगढ़


उत्क्रमित उच्च माध्यमिक
विद्यालय सलथुआ, कुदरा


उत्क्रमित मध्य विद्यालय
जहानाबाद अजा

ToB बालमन कैमूर

# अज़ब-गज़ब

1. गोल्फ बॉल में करीब 300 से 500 गढ्ढे / डिंपल्स होते है। गोल्फ स्कॉटलैंड का राष्ट्रीय खेल है।

2. साइकिल की शुरुआत यूरोप में हुई थी। भारत में साइकिल अंग्रेज लेकर आए थे।

3. दुनिया में सबसे धीमी गति से चलने वाली ट्रेन का दर्जा स्विट्जरलैंड की ग्लेशियर एक्सप्रेस को दिया गया है।यह लगभग 290 km की दूरी तय करने में 10 घंटे का समय लेती है।



4. महाराष्ट्र के मुंबई में मौजूद माटुंगा रेलवे स्टेशन भारत का ऐसा स्टेशन है जहां केवल महिलाएं ही काम करती है।

5.ब्लैक डायमंड एप्पल तिब्बत के पहाड़ों में पाए जाने वाले एक दुर्लभ और खास प्रकार के सेब होते हैं यह शहद से भी मीठा होता है।



धीरज कुमार
UMS सिलौटा भभुआ कैमूर

ToB बालमन कैमूर

# थोड़ा मुस्कुरा भी दो ....

1.टीचर : बहुत ही तेज़ हवाओं के साथ बारिश हो रही है,इसका भविष्यकाल कौन बताएगा?

बिट्टू : मैं बताऊंगा।इसका भविष्यकाल है की अब लाइट चली जायेगी

2. डॉक्टर (मरीज से): जब आप टेंशन में होते है तो क्या करते है ?

मरीज : जी ,मैं मंदिर चला जाता हूं...

डॉक्टर : बहुत अच्छे! वहां जा कर ध्यान लगाते है आप।

मरीज : जी नहीं।मैं सबके जूते -चप्पल मिक्स कर देता हूं।दूसरे को टेंशन में देख मेरा टेंशन कुछ कम हो जाता है।

स्रोत: सोशल मीडिया


बिहार विद्यालय परीक्षा समिति
राज्य के विद्यार्थियों के ज्ञान, क्षमतावर्द्धन तथा बौद्धिक विकास के उद्देश्य से
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति आयोजित कर रहा है
"BSEB ओलंपियाड" प्रतियोगिता 2023
राज्य के सरकारी विद्यालयों के कक्षा 9 एवं 10 में पढ़ रहे विद्यार्थी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे
"BSEB ओलंपियाड" प्रतियोगिता के लिए उक्त विद्यार्थियों का विद्यालयस्तर पर दिनांक 31.05.2023 से 06.07.2023 के बीच प्रधानाध्यापक द्वारा चयन किया जायेगा। ये चयनित विद्यार्थी ही जिलास्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे।
"BSEB ओलंपियाड" का प्रकार
आज़ाद
BSEB Science Olympiad
BSEB Maths Olympiad
BSEB English Olympiad
प्रत्येक विद्यालय से Science, Maths एवं English में चार-चार विद्यार्थी का चयन किया जाएगा, जो जिलास्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता में भाग लेंगे।
पुरस्कार राशि
₹71 लाख
से भी अधिक
राज्यस्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन पटना में किया जाएगा, जिसके लिए तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी।
जिलास्तर पर पुरस्कार
प्रथम पुरस्कार (तीन विषयों में)
20,000/- रूपये नगद एवं मेडल x 3 विषय x 38 जिला
द्वितीय पुरस्कार (तीन विषयों में)
15,000/- रूपये नगद एवं मेडल x 3 विषय x 38 जिला
तृतीय पुरस्कार (तीन विषयों में)
10,000/- रूपये नगद एवं मेडल x 3 विषय x 38 जिला
सांत्वना पुरस्कार (तीन विषयों में)
8,000/- रूपये नगद एवं मेडल x 3 विषय x 38 जिला
राज्यस्तर पर पुरस्कार
प्रथम पुरस्कार (तीन विषयों में)
एक लैपटॉप तथा 50,000/- रूपये नगद एवं मेडल x 3 विषय
द्वितीय पुरस्कार (तीन विषयों में)
एक लैपटॉप तथा 25,000/- रूपये नगद एवं मेडल x 3 विषय
तृतीय पुरस्कार (तीन विषयों में)
एक लैपटॉप तथा 10,000/- रूपये नगद एवं मेडल x 3 विषय
सांत्वना पुरस्कार (तीन विषयों में)
एक लैपटॉप तथा मेडल x 3 विषय
पी०आर०ओ० 125/2023
अतः राज्य के सरकारी विद्यालयों के कक्षा 9 एवं 10 में पढ़ रहे सभी विद्यार्थी समिति द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें, ताकि उन्हें इस प्रतियोगिता का सीधा लाभ मिल सके। इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए सबसे पहले विद्यालयस्तर पर दिनांक 31.05.2023 से 06.07.2023 के बीच आयोजित चयन प्रक्रिया के लिए अपने विद्यालय के प्राचार्य से सम्पर्क करें।


स्वास्थ्य विभाग बिहार सरकार
चमकी को धमकी
ये 3 धमकियाँ याद रखो!
खिलाओ
1
बच्चों को रात में सोने से पहले खाना जरूर खिलायें
जगाओ
2
सुबह उठते ही बच्चों को भी जगायें और देखें, बच्चा कहीं बेहोश या उसे चमकी तो नहीं
अस्पताल ले जाओ
3
एम्बुलेंस
बेहोशी या चमकी दिखते ही तुरंत एम्बुलेंस या नजदीकी गाड़ी से अस्पताल ले जायें
निःशुल्क एम्बुलेंस हेतु 102 डॉयल करें।
राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार

# ToB बालमन आपके पेंटिंग





## भाग - 1







उत्क्रमित मध्य विद्यालय बहेरियां
चांद /कैमूर/


# आपके पेंटिंग भाग 2




अर्चना यादव वर्ग 9
UHS हरदासपुर कुदरा




UMS करवन्दिया चैनपुर



UMS अर्रा मोहनियां




NPS कझार घाट कुदरा



# आपके पेंटिग भाग 3




संध्या कुमारी वर्ग 8 उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय छोटका कटरा मोहनियां कैमूर





प्राथमिक विद्यालय खनेठी रामगढ़



U M S Bahuara,Mohania




वैशाली पटेल वर्ग-7 अनु ०जाति उत्क्र मध्य विधालय सिकठी भभुआ

# माटी से निर्माण



उत्क्रमित मध्य विद्यालय नरहन रामगढ़


NPS कमती भभुआ


Baalman chand


निक्की कुमारी वर्ग 7 उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय छोटका कटरा मोहनियां कैमूर

# पेन और पेंसिल आर्ट



**रिफत नाज़ वर्ग 10**
**गर्ल्स हाई स्कूल भभुआ**






संध्या कुमारी वर्ग 8 उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय छोटका कटरा मोहनियां कैमूर



संगीता कुमारी वर्ग - 5
प्राथमिक विद्यालय कठौरा भभु



बालमन चांद



Khushi Kumari class 1 NPS KAJHARGHAT kudra

# Veg. Rangoli and Thumb Art








न्यू प्राथमिक विद्यालय भटवलिया नुआंव



Ums sondihra bhabua



राजकीयकृत मध्य विद्यालय डहरक रामगढ़




न्यू प्राथमिक विद्यालय भटवलिया नुआंव



बालमन

# TOB बूझो तो जानें..



**1**

52 सेकेंड में
गाया जाऊ।
गुरुदेव टैगोर की
रचना
कहलाऊ।।

राष्ट्रगान

**2**

सप्ताह में एक दिन
आता हूं।छुट्टी
संग बच्चो हो
या दफ्तर वाले
सबको
मौज कराता हूं ।।

रविवार

**3**

तनी है चादर
जिसके ऊपर।
पड़ने  ना दे धूप
और पानी
हम पर।।

छाता

**4**

कांटो से निकले,
फूलों में उलझे।
नाम बताओ तो
समस्या ये
सुलझे।।

तितली

संजय कुमार

# ToB बालमन क्विज

**1**

निम्न में चावल का प्राचीन प्रमाण कहां से मिला है ?

A. कोलडिहवा B. ब्रह्मगिरी
C. मेहरगढ़ D. बुर्जहोम

**2**

सूर्य से सबसे निकट का ग्रह कौन है?

A. शुक्र B. वृहस्पति
C. बुध D. मंगल

**3**

शनि ग्रह के सबसे बड़े उपग्रह का क्या नाम है ?

A. टाइटेनियम B. चंद्रमा
C. गैनिमीड D. टाइटन

**4**

वाहनों द्वारा तय दूरी मापने वाले यंत्र को क्या कहते है ?

A. ओडोमीटर B. गैलवेनोमीटर
C. स्पीडोमीटर D. टैकोमीटर

**5**

भारत के किस शहर में जल मेट्रो परियोजना की शुरुआत की गई है ?

A. जयपुर B. कोच्चि
C. कच्छ D. कटक


सही उत्तर: 1- A 2- C 3-D
4-A 5-B

धीरज कुमार
उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिलौटा भभुआ कैमूर



## ToB बालमन कैमूर

# रोचक गणित




1. संख्या 0 से 1000 तक, अंग्रेजी लेटर 'A' केवल 1000 अर्थात एक हजार की स्पेलिंग THOUS'A'ND में दिखाई देता है।

2. प्रत्येक विषम संख्या की स्पेलिंगमें एक 'E' होता है।

3.लूडो के पासे में ऊपर आने वाले संख्या को उसके विपरीत दिशा वाले संख्या को जोड़ने पर योग हमेशा 'सात' आयेगा।

4.एक 'पल' समय की एक इकाई है जिसका अर्थ है एक सेकंड का 1/100वां भाग।

5. -40 डिग्री सेल्सियस -40 डिग्री फारेनहाइट के समान है।

6. शब्द hundred दूसरे शब्द "hundrath" से लिया गया है। जिसका मतलब 120 होता है, न कि 100।


कुमार राकेश मणि
उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटा नुआंव कैमूर



# बैगलेस शनिवार 1



NPS DHARHANIA
(BHABUA)

मध्य विद्यालय मुशीया नुआंव




UMS खजरा मोहनिया





प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदपुर मोहनियां




UHS हरदासपुर कुदरा

# बैगलेस शनिवार 2


UHS कोटा नुआंव


Satyam kumar. ..class-3
U.M.S Bahuara mohania


प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदपुर मोहनिया


Stitching
Run stich-
UMS दुघरा भभुआ


UHS खनेठी भभुआ

# रंगोली विशेष





राजकीयकृत मध्य विद्यालय डहरक रामगढ़




प्राथमिक विद्यालय भभुआ 18

ToB बालमन

# दर्शनीय स्थल

## बिहार पर्यटन:शेरगढ़ किला

रोहतास जिला मुख्यालय सासाराम से 42 किमी दक्षिण-पश्चिम व चेनारी से लगभग 12 किमी दक्षिण में लगभग 800 फीट ऊंची कैमूर पर्वत श्रृंखला की एक पहाड़ी पर शेरगढ़ का किला स्थित है। लगभग छह वर्ग मील क्षेत्रफल में फैले शेरगढ़ किला को दुर्गावती नदी दक्षिण व पश्चिम से आलिंगन करते हुए बहती है। इसके नीचे ही दुर्गावती जलाशय परियोजना का विशाल बांध बन चुका है। यहीं से पौराणिक गुप्ता धाम और सीताकुंड जाने के लिए रास्ता भी है। कहा जाता है कि इस किले का निर्माण वर्ष 1540 से1545 के बीच शेरशाह ने करवाया था। शेरशाह ने ऐसा किला अपने दुश्मनों से बचने और सुरक्षित रहने के लिए बनवाया था। किले में सैकड़ों सुरंग और तहखाने हैं। इसके मुख्य प्रवेश द्वार में मूल रूप से आठ छोटे गुंबद थे लेकिन अब केवल पाँच हैं। मुख्य प्रवेश द्वार से एक किलोमीटर की दूरी पर रानी पोखरा (रानी का तालाब) नामक एक झील है, और बगल की पहाड़ी पर एक भूमिगत किला है। कैमूर पहाड़ी के उपर स्थित इस भूमिगत किले में दरबार ए हाल से नाच घर तक आज भी ठीक स्थिति में है। आज शेरगढ़ किला सिर्फ एक खंडहर के रूप में देखने को मिलता है। यहां पहुंचने के लिए सड़क मार्ग साधन है। नीचे से किला तक लोगो को पहाड़ियों पर चढ़ के जाना पड़ता है। सरकार अगर ध्यान दे तो यहां पर्यटन की काफी सम्भावनाएँ हैं।

राकेश कुमार मणि
UHS कोटा नुआंव कैमूर





बिहार पर्यटन:शेरगढ़ किला



ToB बालमन कविता

# बिल्ली



आगे चूहा, पीछे बिल्ली, उड़ा रही थी उसकी खिल्ली।
भागम - भाग मचा रहे थे , बच्चों को वे डरा रहे थे।

बच्चों ने मम्मी से बोला , मम्मी ने बिल्ली से बोला ।
बच्चें कॉप रहे हैं डर से,निकल जाओ तु मेरे घर से।

बिल्ली बोली ठीक है दीदी, चली जाऊंगी तेरे घर से।
पहले सारे चूहे खाऊंगी , तब तेरे घर से जाऊंगी।

जाकर खीर पकाऊंगी, सब बच्चों को भी बुलाऊंगी।
खीर मजे से खाएंगे , प्रतिदिन विद्यालय जाएंगे।




सत्यार्थी कुमारी
कक्षा - 5
न्यू प्राथमिक विद्यालय
असरवलिया, कुदरा।


सौजन्य से : बालमन कुदरा

ToB बालमन कविता

# मेरा परिवार

माता-पिता ,भाई-बहन ,
से बनता है परिवार ।
दादा-दादी,नाना-नानी,
इसके मजबूत आधार ।
चाचा-चाची और बुआ,
सब मिल घर में रहते ,
एक दूजे पर जान छिड़कते,
प्यार सभी से करते ,
जब कोई त्यौहार परोजन,
घर में आ जाता है ।
मौसा-मौसी , मामा-मामी,
सब का मेला लग जाता है।
कितना सुंदर कितना प्यारा ,|
यह सारा संसार है ।
इस संसार में सबसे प्यारा,
मेरा छोटा सा परिवार है।।

खुशबू कुमारी
कक्षा -IX
उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय केवढ़ी,कुदरा।

सौजन्य से: बालमन कुदरा

# ToB बालमन पद्य पंकज

## भारत के वीर सपूत

चाहे मौत सामने आए,
चाहे हो आतंकी साया।
भारत माँ तेरी रक्षा का,
हमने है सौगंध उठाया।

तेरी मिट्टी में पला बढ़ा,
तेरी मिट्टी ने दी तरुणाई।
एक मां ने दूध पिलाया,
तुमने अपनी अन्न खिलाई।

लहू की हर एक बूँद पे बनता,
सबसे पहले तेरा हक है।
बाट जोहती मेरी प्रियतमा,
उसका मुझ पर दूजा हक है।

भारत को दहलाने वालों,
इस पर घात लगाने वालों।
कान खोल कर सुन ले दुश्मन,
घाटी को सुलगाने वालों।

सेवा का संकल्प लिया हूँ,
जल जाऊँ यदि मन ये भटके।
निकल पड़ा हूँ रक्षा खातिर,
गल जाऊँ यदि पग ये अटके।

भारत माता की मर्यादा,
है दुनिया में जानी-मानी।
राम-कृष्ण और वीर शिवा की,
कथा सुनायी दादी नानी।

मुझको नहीं झुका सकती है,
मौसम की तीखी बाधाएँ।
बहती हवा सुना जाती है,
अमर शहीदों की गाथाएँ।

है पावन धरती अपनी जहाँ,
सूरज पहली किरण उतारे।
जग सिरमौर हमारा भारत,
सागर जिसके पाँव पखारे।

मुझको मेरा अंत पता है,
समर भूमि में तर जाऊँगा।
अरि का सीना फाड़ूँगा या,
लड़ते-लड़ते मर जाऊँगा।

जय हिंद।
भारत माता की जय।

,,,✍ दिलीप गुप्ता 'दीप'
शिक्षक
मध्य विद्यालय खीरी
भगवानपुर कैमूर

# ToB बालमन

## नशा मुक्ति स्लोगन

धूम्रपान अपनाएंगे,
कुशल से नहीं रह पाओगे।

जन-जन की यही पुकार,
नशा को करो दरकिनार।।

सारा कमाई नशा में लगाओगे,
बच्चों को नहीं पढ़ा पाओगे।।

नशा का लत जब लग जाएगी,
जीवन कष्टमय हो जाएगी।।

दूध दही से नाता जोड़ो,
नशा को हरदम के लिए छोड़ो।।

आओ करें हम सब विचार,
नशा है सबसे बेकार।।

सुख शांति सब छिन जाएगी,
नशा का लत जब लग जाएगी।।

जिसको नशा का लत लग गया,
उसका जीवन कभी नहीं सुधर पाया।।

नशा का लत है बेकार,
उसका जीवन है निराधार।।

मान प्रतिष्ठा सब चली जाई,
जब नशा का लत लग जाई।।

नशा को जिन्होंने अपनाया,
सारा जीवन कष्टमय बनाया।

पाई पाई पैसा बचाओगे,
जीवन सुखमय बनाओगे।।

जिसने नशा को अपनाया,
समाज से दूरी बनाया।।

समाज ने किया उसे बहिष्कृत,
जिसने नशा से लगाई प्रीत।।

जिसने नशा से लगाई यारी,
कैंसर है भयावह बीमारी।।

कैंसर से ग्रसित हो जाओगे,
तुम कभी न बच पाओगे।।

सुख शांति सब छिन जाएगा,
नशा को जो हाथ लगाएगा।।

नशा यदि तुम करोगे,
होश हवास में नहीं रहोगे।।

परिवार से है यदि प्यार,
नशा को करो दरकिनार।।

सारा कमाई नशा में लगाओगे,
परिवार को कैसे चलाओगे।।

शराब पीकर गाड़ी चलाओगे,
दुर्घटना से कभी नहीं बच पाओगे।।

नशा मुक्ति दिवस मनाएं,
सबको इसके बारे में बताएं।।



अशोक कुमार(शिक्षक)
न्यू प्राथमिक विद्यालय भटवलिया नुआंव





TEACHERS OFBIHAR

बालमन कैमूर

## खेलो कूदो भागो दौड़ो

कान में है क्यों बात यह कहना ,
क्यों मन में है सिमटे रहना।
यह तो नियम है प्रकृति का ,
सुन लो बेटी सुन लो बहना।

यह कोई विकृति नहीं है ,
तुम्हारे तन की त्रुटि नहीं है ।
यह वरदान है जगजननी का ,
यह उपहार है हर जननी का।

चुप्पी तोड़ो मुट्ठी खोlलो,
स्वच्छता को तुम अपना लो ।
साफ सफाई का रखना ध्यान,
इसी में है नारी शक्ति का मान।

अब तुम ना तो छुपा छुपाओ,
ना खुद को घर में कैद कराओ
।
बाहर निकलो देखो दुनिया ,
हर सपने कर लो पूरी ओ मेरी मुनिया ।

भागो दौड़ो खेलो कूदो ,
पढ़ो लिखो और नाचो गाओ ।
हर दिन जैसे रहती हो तुम ,
इन 5 दिनों में भी खुशी मनाओ

सृष्टि है बाहें पसार बुलाती,
सबको तुम भी गले लगाओ।
हीन भावना को मिटाकर,
सुखद एहसास को तुम अपनाओ।

खुशबू कुमारी
(शिक्षिका)
उत्क्रमित मध्य विद्यालय दुघरा
भभुआ

# TEACHERS OF BIHAR

## बालमन कैमूर





## कविता : प्यारी मां

बहुत प्यारी सी मेरी माँ, दुनिया से न्यारी मेरी माँ।
रोज सुनाती लोरी माँ, थपकी दे सुलाती माँ।
जब आँगन मे खिलता धूप, प्यार से मुझे नहलाती माँ।
गर्मी लगती जब भी मुझको, आँचल से हवा डुलाती माँ।
एक रोटी माँगू जब मै तो, दो रोटी मुझे खिलाती माँ।
दुनिया के सारे कष्ट झेल, सारे सुख मुझे दिलाती माँ।
पालपोस कर बड़ा किया, मुझको प्यारी मेरी माँ।
नाम दिया पहचान बताकर,जग मे जीना सिखलाती माँ।
उँगली पकड़ चलना सिखलाती, सुबह शाम घुमाती माँ।
ममता भरे हुए हाथो से ,खाना रोज खिलाती माँ।
देवी जैसी मेरी माँ सारे जग से न्यारी माँ, प्यारी माँ मेरी प्यारी माँ।


बारी राजेंद्र (शिक्षक)
प्राथमिक विद्यालय किशुनपुरा भभुआ

# TEACHERS OF BIHAR

## बालमन कैमूर

## Crossword Puzzle








धीरज कुमार
U.M.S. सिलौटा भभुआ कैमूर

# खेल कॉर्नर

## तीरंदाजी

**19 साल के प्रथमेश ने वर्ल्ड नंबर-1को हराकर ोल्ड जीता: शंघाई वर्ल्ड कप में ओजस-ज्योति ुरेखा वेन्नम ने कंपाउंड मिक्स्ड टीम इवेंट में ोल्ड जीते**

भारत के कंपाउंड तीरंदाजों का स्वर्णिम प्रदर्शन जारी है। युवा तीरंदाज प्रथमेश जावकर ने इंडिविजुअल और ओजस-ज्योति सुरेखा वेन्नम ने मिक्स्ड टीम इवेंट में गोल्ड जीते। प्रथमेश ने वर्ल्ड नंबर-1 माइक शोलेसर को चौंकाकर वर्ल्ड कप में पहली बार गोल्ड अपने नाम किया। 19 साल के प्रथमेश ने नीदरलैंड्स के माइक को 149-148 से शिकस्त दी।

वहीं, ओजस और ज्योति सुरेखा वेन्नम की मिक्स्ड जोड़ी ने कोरिया की टॉप सीड जोड़ी को हराया। यह ओजस-ज्योति का लगातार दूसरा वर्ल्ड कप गोल्ड है। इससे पहले, इस जोड़ी ने पिछले महीने अंताल्या में वर्ल्ड कप स्टेज-1 में गोल्ड जीता था। ओजस-ज्योति ने कोरिया के किम जोंघो-ओह यूहयुन की जोड़ी को 156-155 से हराया।


Teachers of Bihar

The change makers

**जन्मदिन विशेष 05 जून**

राकेश कुमार

## रमेश कृष्णन
## [भारत के प्रसिद्ध टेनिस खिलाड़ी]



**रमेश कृष्णन** *Ramesh Krishnan*, जन्म- 5 जून, 1961, चैन्नई) भारत के प्रसिद्ध टेनिस प्रशिक्षक और पूर्व टेनिस खिलाड़ी हैं। 1970 के दशक के अंत में कनिष्ठ खिलाड़ी के रूप में इन्होंने विंबल्डन और फ्रेंच ओपन में पुरुष एकल का खिताब जीता था। वर्ष 1980 के दशक में तीन ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फ़ाइनल तक पहुंचे और डेविस कप टीम में भी फ़ाइनल तक पहुंचे थे। रमेश कृष्णन 2007 में भारत के डेविस कप कप्तान रहे थे। ये रामनाथन कृष्णन के पुत्र हैं, जो भारत के प्रसिद्ध टेनिस खिलाड़ी रहे हैं। इन्हें 1998 में भारत सरकार ने 'पद्मश्री' सम्मान से सम्मानित किया था।

# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

5 जून

**मधु प्रिया**

## विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून



जनजीवन को सुरक्षित रखने के लिए पर्यावरण का सुरक्षित रहना बहुत जरूरी है। विश्व के देश आधुनिकता की ओर बढ़ रहे हैं लेकिन इस राह में दिनों दिन दुनियाभर में ऐसी चीजों का इस्तेमाल बढ़ गया है और इस तरह से लोग जीवन जी रहे हैं, जिससे पर्यावरण खतरे में हैं। इंसान और पर्यावरण के बीच गहरा संबंध है। प्रकृति के बिना जीवन संभव नहीं। ऐसे में प्रकृति के साथ इंसानों को तालमेल बिठाना होता है। लेकिन लगातार वातावरण दूषित हो रहा है, जिससे कई तरह की समस्याएं बढ़ रही हैं, जो हमारे जनजीवन को तो प्रभावित कर ही रही हैं, साथ ही कई तरह की प्राकृतिक आपदाओं की भी वजह बन रही हैं। सुखी स्वस्थ जीवन के लिए पर्यावरण का संरक्षण जरूरी है। इसी उद्देश्य से हर साल विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इस दिन लोगों को पर्यावरण के प्रति सचेत किया जाता है और पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इस दिवस को मनाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र ने पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनीतिक और सामाजिक जागृति लाने हेतु वर्ष 1972 में की थी। इसे 5 जून से 16 जून तक संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा आयोजित विश्व पर्यावरण सम्मेलन में चर्चा के बाद शुरू किया गया था। 5 जून 1973 को पहला विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस बार विश्व पर्यावरण दिवस 2023#BeatPlasticPollution' थीम के साथ मनाया जा रहा है। पर्यावरण में फैला प्रदूषण धीरे-धीरे वैश्विक संकट बनते जा रहा है। जिसके प्रति लोगों को जागरूक करने का दिन ही है प्रकृति दिवस।

/teachersofbihar

# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

Saturday

## 03 जून

1. **विश्व साइकिल दिवस–** 12 अप्रैल, 2018 ई. को संयुक्त राष्ट्र परिषद् द्वारा इसे अनुमोदित किया गया। 3 जून, 2018 को पहला विश्व साइकिल दिवस मनाया गया। साइकिल न केवल पर्यावरण हितैशी है बल्कि हमारी सेहत की रखवाली भी करती है। साइकिल को अपनाकर मोटरवाहनों से निकलने वाली विषैले उत्सर्जन की मात्रा में सार्थक कमी लायी जा सकती है। साइकिल को बढ़ावा देकर सड़क परिवहन को अधिक सुरक्षित और कुशल बनाया जा सकता है।
   - **संदर्भः** कक्षा 7, हिन्दी की पाठ्यपुस्तक **'किसलय भाग–2', अध्याय 7, 'साइकिल की सवारी'** शीर्षक के साथ जोड़कर चर्चा करें।
2. **माउन्टबेटन योजना का प्रकाशन–** स्वतंत्रता पूर्व भारत के वायसराय लार्ड माउन्टबेटन ने देश विभाजन की योजना 3 जून, 1947 ई. को ही प्रकाशित किया था। इसे 'माउन्टबेटन योजना' कहा जाता है। इस योजना का अबुल कलाम आजाद और गाँधी जी ने घोर विरोध किया था। किन्तु कोई विकल्प शेष न रहने के कारण समझौते का रास्ता अपनाया।
   - **संदर्भः** वर्ग 8, इतिहास की पुस्तक **'अतीत से वर्तमान भाग–3', अध्याय 12, 'राष्ट्रीय आन्दोलन 1885–1947'** के उपखण्ड 'स्वतंत्रता के साथ–साथ विभाजन' से जोड़कर चर्चा करें।
3. **टैगोर को 'नाइटहुड' उपाधि सम्मान–** 3 जून, 1915 ई. को ब्रिटिश सरकार ने रविन्द्रनाथ टैगोर को 'नाइटहुड' की उपाधि से सम्मानित किया था। जिस व्यक्ति के पास यह उपाधि होती थी, उसके नाम के आगे 'सर' लगाया जाता है। हालांकि, बाद में जालियांवाला बाग हत्याकांड (13 अप्रैल 1919) से दुःखित होकर टैगोर ने यह सम्मान ब्रिटिश सरकार को वापस कर दिया था।
   - **संदर्भः** वर्ग 8, इतिहास की पुस्तक **'अतीत से वर्तमान भाग–3', अध्याय 12, 'राष्ट्रीय आन्दोलन 1885–1947'** के से जोड़कर चर्चा करें।
4. **हिन्दी साहित्य सम्मेलन, इन्दौर (1918)–** महात्मा गाँधी की अध्यक्षता में इन्दौर में हिन्दी साहित्य सम्मेलन आयोजित हुआ और उसी में पारित एक प्रस्ताव के आधार पर हिन्दी राजभाषा मानी गयी। उस सम्मेलन में गाँधी जी ने कहा था– 'अगर हिन्दुस्तान को हमें सचमुच एक राष्ट्र बनाना है तो चाहे कोई माने या न माने, राष्ट्रभाषा हिन्दी ही बन सकती है। हिन्दी को जो स्थान प्राप्त है वह किसी दूसरी भाषा को कभी नहीं मिल सकता।'

/teachersofbihar

*Madhu priya*


TEACHERS OF BIHAR
बालमन कैमूर
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
INTERNATIONAL YOGA DAY
21 JUNE
योग दिवस
अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस
21 जून
www. teachersofbihar.org

# TEACHERS OF BIHAR

## बालमन कहानी

# प्रथम अवसर






एक किसान की बहुत ही सुन्दर बेटी थी। एक नौजवान लड़का उस किसान की बेटी से शादी की इच्छा लेकर किसान के पास आया।



उसने किसान की बेटी से शादी करने की इच्छा जताई। किसान ने उसकी ओर देखा और कहा- युवक तुम खेत में जाओ,मैं एक-एक करके तीन बैल छोड़ने वाला हूँ। यदि तुम तीनों बैलों में से किसी एक की भी पूँछ पकड़ लो तो मैं अपनी बेटी की शादी तुमसे कर दूंगा।



नौजवान इस आसान शर्त को सुनकर खुश हो गया और खेत में बैल की पूँछ पकड़ने की मुद्रा लेकर खड़ा हो गया। किसान ने खेत में स्थित घर का दरवाजा खोला। तभी एक बहुत ही बड़ा और खतरनाक बैल उसमें से निकला। नौजवान ने ऐसा बैल पहले कभी नहीं देखा था। अतः उससे डर कर नौजवान ने निर्णय लिया कि वह अगले बैल का इंतज़ार करेगा और वह एक तरफ हो गया जिससे बैल उसके पास से होकर निकल गया।



दरवाजा फिर खुला।आश्चर्यजनक रूप से इस बार पहले से भी बड़ा और भयंकर बैल निकला। नौजवान ने सोचा कि इससे तो पहला वाला बैल ठीक था। फिर उसने एक ओर होकर बैल को निकल जाने दिया।



दरवाजा तीसरी बार खुला। नौजवान के चहरे पर मुस्कान आ गई। इस बार एक छोटा और मरियल बैल निकला। जैसे ही बैल नौजवान के पास आने लगा, नौजवान ने उसकी पूँछ पकड़ने के लिए मुद्रा बना ली ताकि उसकी पूँछ सही समय पर पकड़ ले। पर यह क्या उस बैल की तो पूँछ ही नहीं थी।



शिक्षा:-

हर एक इंसान की जिन्दगी अवसरों से भरी हुई है। कुछ सरल हैं और कुछ कठिन। पर अगर एक बार अवसर गंवा दिया तो फिर वह अवसर दुबारा नहीं मिलेगा। अतः हमेशा प्रथम अवसर को हासिल करने का प्रयास करना चाहिए..!!

सोशल मीडिया से

# गणित कॉर्नर

## त्रिभुज (Triangle)

### परिमाप Perimeter


- त्रिभुज का परिमाप

  = भुजाओं का योग

जैसे:- किसी त्रिभुज का परिमाप ज्ञात करें जिसकी भुजाएं 3 ,5 ,4 सेमी.हो।

हल:- त्रिभुज का परिमाप= 3 + 4 + 5


=12 सेमी.




## वर्ग (Square)

### परिमाप (perimeter)

- वर्ग का परिमाप = 4 × भुजा




जैसे - एक वर्ग परिमाप ज्ञात करें जिसकी भुजाएं 10 सेंटीमीटर हो।

हल :- वर्ग का परिमाप = 4 × भुजा

= 4×10

= 40सेमी.

## आयत (Rectangle)

### परिमाप (Perimeter)

- आयत का परिमाप = 2 × ( ल॰ + चौ॰)




जैसे:- एक आयत का परिमाप ज्ञात करें जिसकी लंबाई 10 सेमी. और चौड़ाई 8 सेमी. हो ।

हल :- आयत का परिमाप = 2 ( 10 + 8 )

= 2 ( 10 + 8 )


= 36 cm

# माथा पच्ची

1 मिनट में 5 नदी का नाम खोजें और बन जाइए जीनियस।

| गो | दा | व | री | बि | गं | गं | न | रां | य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | य | रू | त | क | गा | ड | थु | ची | मु |
| ती | थ | ना | सो | म | पा | क | नी | ब | ना |
| का | वे | री | न | ला | दि | ल् | ली | छु | ता |
| पा | म् | स | च | शि | ता | प् | ती | छी | टी |
| ह | ब | आ | मा | लां | यो | ही | तु | या | का |
| ब | ई | सा | ब | र | म | ती | क | डी | तु |

# पत्ता से कलाकारी










# विज्ञान कॉर्नर

## पदार्थ

प्रत्येक वस्तु जिसमें द्रव्यमान हो,जो स्थान घेरती हो और रुकावट उत्पन्न करते हो,उसे पदार्थ कहते हैं।
जैसे : लोहा, पत्थर, मिट्टी, बालू ,वायु , पौधे, पशु आदि पदार्थ हैं।




## पदार्थ की अवस्थाएँ


पदार्थ की प्रायः3 अवस्थाएँ होती हैं।

1. ठोस 2. द्रव 3. गैस

परंतु आधुनिक विज्ञान में दो और अवस्थाओं की खोज की गई है। 4. प्लाज्मा 5. बोस- आइंस्टीन कन्डेन्सेट

## पदार्थ के कणों के गुण

1. पदार्थ के कण अत्यंत सूक्ष्म होते हैं।





2. पदार्थों के कणों के बीच रिक्त स्थान होता है।

3. पदार्थ के कण अनवरत गतिशील रहते हैं।

पदार्थ को गर्म करने पर उसके कणों की गतिज ऊर्जा बढ़ जाती है जिससे कणों के वेग बढ़ जाते हैं। अतः ताप बढ़ने पर कणों के वेग में वृद्धि हो जाती है।

4. पदार्थ के कण एक दूसरे को आकर्षित करते हैं।



03 जून



विश्व साइकिल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

## विश्व साइकिल दिवस

के अवसर पर शारीरिक व्यायाम, सड़क दुघर्टनाओं पर नियंत्रण व वायु प्रदूषण की समस्या के समाधान के एक अवसर के रूप में साइकिल का चयन करें और अपने प्रियजनों को भी जागरूक करें।

www.teachersofbihar.org

पुनीता कुमारी




## आक्रामकता का शिकार हुए मासूम बच्चों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस

इस दिन का महत्व बच्चों के अधिकारों के संरक्षण प्रकट करने में है।

Madhu priya

/teachersofbihar

# फोटो ऑफ द मंथ (भाग 1)


महाबल भृगुनाथ इण्टर स्तरीय (+2) विद्यालय
कोरिगाँवा- बहेरा (कैमूर)-821101
हाबल भृगनाथ +2 उच्च विद्यालय कोरीगवा बहेरा में विज्ञान
षय में मई माह के मासिक जॉच परीक्षा में स्टूडेंट ऑफ द मंथ से
म्मानित बच्चें।


उत्क्रमित उच्च माध्यमिक
विद्यालय केवढ़ी, कुदरा
में माहवारी स्वच्छता दिवस


बाल संसद की बैठक
UHS हरदासपुर
कुदरा


NPS बहुआरा कुदरा में कौन बनेगा सैकड़ापति


समय पर ऑनलाइन पढ़ाई की जरुरत
हो,की जानकारी प्राप्त करते UMS
अर्रा मोहनियाँ के विद्यार्थी

# फोटो ऑफ द मंथ (भाग 2)


मध्यान भोजन
उ.म.वि.बैरी
चांद कैमूर


UMS अर्रा मोहनिया में नशामुक्ति अभियान नाटक में शामिल बच्चे।


UMS दुघरा भभुआ में सिलाई कार्य को सीखती बच्चियां


UMS कोटा नुआंव के छोटे बच्चे पेंटिंग प्रतियोगिता में शामिल

# फोटो ऑफ द मंथ (भाग 3)




सूरज और चंदा ,उत्क्रमित
मध्य विद्यालय सिलौटा
भभुआ में




विभिन्न प्रकार के पतियों को एकत्रित कर उसे किताब पर चिपकाना एवं
उसका नाम लिखना गतिविधि, प्राथमिक विद्यालय बहादुरा ,मोहनिया ,





पुस्तकालय के पुस्तकों को पढ़ते बच्चे।उर्दू
प्राथमिक विद्यालय अखलासपुर भभुआ

उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय छोटका कटरा मोहनियां में हिंदी, अंग्रेजी, रोमन के
साथ साथ उर्दू गिनती सिखाने की कोशिश

# इसे भी जानें...


Teachers of Bihar
The Change Makers
राकेश कुमार
शिक्षा शब्दकोश
[redacted]
मौलिकता
मौलिकता अर्थात किसी भी विचार या कृति का सृजन हो तो वह मूल तत्व या सिद्धान्त से संबंधित हो, असली हो वास्तविक हो। किसी की नकल ना हो या किसी के आधार पर ना हो। अपने दिल और दिमाग की भावना पर आधारित हो। सृजन अर्थात किसी भी वस्तु, कृति या विचार को जन्म देना, उसका निर्माण करना, उसकी रचना करना लेकिन यह रचना मौलिक हो।
www.teachersofbihar.org

# STUDENT OF THE MONTH

TEACHERS OF BIHAR

बालमन कैमूर



Student of the month

MONTH : JUNE

YEAR :2023

बालमन कैमूर के तरफ से बहुत - बहुत बधाई

Congratulations!

ToB बालमन

स्टूडेंट ऑफ द मंथ



नाम : प्रतीक कुमार प्रजापति

वर्ग : 7

विद्यालय : उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय खनेठी

प्रखंड : भभुआ

उपलब्धि: शून्य निवेश में कबाड़ से जुगाड द्वारा पेपर कटिंग मशीन का निर्माण।

# TEACHERS OF BIHAR

बालमन कैमूर

# CERTIFICATE

## OF APPRECIATION

THIS AWARDED TO CERTIFY THAT

# Pratik Kumar Prajapati

**Student of the MONTH**
**JUNE 2023**

उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय खनेठी भभुआ(कैमूर)

**विद्यालय की गतिविधियों में अच्छी भागीदारी के साथ कलात्मक,गुणवातापूर्ण शिक्षा के साथ अपने नवाचार से उत्कृष्ट कार्य के लिए "स्टूडेंट ऑफ द मंथ " से सम्मानित किया जाता है।**

धीरज कुमार
बालमन कैमूर पत्रिका
प्रधान संपादक

**www.teachersofbihar.org**

# TEACHERS OF BIHAR

**बालमन कैमूर पत्रिका के तरफ से बहुत बहुत बधाई**



**TEACHER Of THE MONTH**

**JUNE 2023**

# शिक्षक परिचय

## TEACHER OF THE MONTH

**नाम : रेणु कुमारी**
**पद: प्रभारी प्रधानाध्यापिका**
**विद्यालय : प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदपुर**
**प्रखंड : मोहनिया**
**जिला :कैमूर**

**विद्यालय में बच्चो को गीत,संगीत,चित्र ,खेल और नवाचारी शिक्षा के द्वारा गतिविधि आधारित शिक्षा को बढ़ावा देना।**

# TEACHERS OF BIHAR

## BAALMAN KAIMUR

TEACHER OF THE MONTH

JUNE 2023

# Renu Kumari

**प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदपुर (मोहनियां)**

**कैमूर**

बच्चों को कलात्मक विधि से जोड़ते हुए गीत ,संगीत ,चित्रकारी और विभिन्न गतिविधि आदि के माध्यम से नवाचारी शिक्षा में उत्कृष्ट भागीदारी के लिए बाल मन कैमूर पत्रिका के द्वारा आपको टीचर ऑफ द मंथ की उपलब्धि प्राप्त करने पर सर्टिफिकेट प्रदान किया जाता है।हम आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते है।

धीरज कुमार
बालमन कैमूर पत्रिका
प्रधान संपादक

# Thank You

अपने सुझाव और जवाब  मोबाइल नंबर
9431680675 पर दे सकते है।